
# समझदारी से खरीदें, खतरों से बचें!

amazon future engineer


## क्या आप जानते हैं?

साइबरमीडिया रिसर्च के एक सर्वे में पता चला कि टियर-2 और उससे छोटे शहरों के ग्राहक औसतन हर हफ्ते ऑनलाइन शॉपिंग पर 2 घंटे 25 मिनट से ज्यादा समय बिताते हैं—यानी सालभर में 124 घंटे!





## आपकी ऑनलाइन शॉपिंग सुरक्षा चेकलिस्ट

- ☐ सुनिश्चित करें कि वेबसाइट सुरक्षित है - उसमें 'https://' हो और एड्रेस बार में ताले (lock) का आइकन दिखे।
- ☐ प्रोडक्ट का साइज, रंग और उसकी बाकी खासियतें ध्यान से जांच लें ताकि आप सही चीज खरीदें। सिर्फ तस्वीरों पर भरोसा न करें।
- ☐ प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की शर्तें, रिटर्न और रिफंड पॉलिसी जरूर पढ़ें ताकि यह पता चले कि अगर कोई चीज़ पसंद न आए तो क्या करना होगा।
- ☐ रिव्यू ज़रूर देखें और जानें कि दूसरे लोग उस प्रोडक्ट के बारे में क्या कह रहे हैं। नकली रिव्यू या संदिग्ध/फेक लगने वाले कंटेंट से सावधान रहें।




## जानें सुरक्षित शॉपिंग के राज़!



1. ख़रीदार सबसे अच्छी डील पाने के लिए ______ की तुलना करते हैं। (3 अक्षर)
2. खरीदार प्रोडक्ट्स के बारे में ________ शेयर करते हैं। (3.5 अक्षर)
3. सिर्फ उन्हीं विक्रेताओं से खरीदारी करें जिन पर आप ________ करते हैं। (3 अक्षर)
4. खराब सामान को ________ जा सकता है। (3 अक्षर)
5. प्रोडक्ट्स की डिटेल्ड जानकारी _____ ______सेक्शन में मिलती है। (2 शब्द, 8.5 अक्षर)
6. _________ कोड आपका अकाउंट खोलता है और आपको सुरक्षित रखता है। (3 अक्षर)

# पेमेंट करना!

आप लंबे समय से ईयरफोन्स खरीदने का इंतजार कर रहे हैं। आपके माता-पिता कहते हैं कि आप इन्हें ऑनलाइन खरीद सकते हैं। क्या आप सुरक्षित तरीके से बिना किसी जाल में फंसे खरीदारी कर सकते हैं ?


**सुझाव!**

सुनिश्चित करें कि आप भरोसेमंद पेमेंट गेटवे का इस्तेमाल कर रहे हैं और संवेदनशील जानकारी (जैसे OTP, कार्ड डिटेल्स, CVV कोड) अनजान लोगों के साथ ना बाटें।

A. इन में से कौनसा एक भरोसेमंद पेमेंट प्लैटफॉर्म नहीं है:

- www.payemnt23.web
- https://amaz0np@y-secure.com/checkout
- http:/amzonpaay-secure.co
- https://amazonpay.com/checkout/payment



B. आपको एक SMS मिलता है जिसमें ₹2000 की शॉपिंग के लिए गिफ्ट कार्ड कोड और एक लिंक है। जब आप लिंक पर क्लिक करते हैं, तो वह कॉलबैक का अनुरोध करने को कहता है। कॉल आने पर, वे आपसे तुरंत ₹1000 जमा करने को कहते हैं, ताकि आपको ₹3000 का गिफ्ट कार्ड मिल सके। अब आप क्या करेंगे? सारे उपयुक्त कदम को पहचाने!

- पैसे जमा कर दें
- नंबर को ब्लॉक करें
- नंबर को रिपोर्ट करें

**सुझाव!**

कई ऑनलाइन गेम्स में आजकल ज्यादा पॉइंट्स या मज़ेदार फीचर्स के लिए इन-ऐप खरीदारी का ऑप्शन होता है। लेकिन, असुरक्षित ऐप्स पर ये खतरनाक हो सकता है। आपके बैंक डिटेल्स या पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है, जिससे धोखाधड़ी हो सकती है। कुछ ऐप्स हर महीने पैसे ऑटोमैटिक कटाने के लिए स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शंस बना सकते हैं। या फिर ये आपको बार-बार खरीदारी के लिए लुभाने वाले ऑफर दिखाते रहते हैं! सावधान रहें:

इन-ऐप खरीदारी से बचें और यह सुनिश्चित करें कि प्लेटफॉर्म भरोसेमंद है। किसी भरोसेमंद बड़े को अपनी खरीदारी के बारे में बताएं। अपने बैंक के लेन-देन और सेटिंग्स को समय-समय पर चेक करें, ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि तुरंत पकड़ी जा सके।

# खरीदी के बाद क्या?

amazon future engineer

आपने अपना ऑर्डर सफलतापूर्वक प्लेस कर दिया है और अब आप अपने पैकेज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन क्या आप पैकेज ले पाएंगे?



वाह! आपके ईयरफोन्स आखिरकार आने वाले हैं। लेकिन रुको, आपको डिलीवरी पार्टनर का कॉल आता है और वह डिलीवरी करने से पहले OTP मांगते हैं। आप क्या करेंगे?



OTP दे दें

पहले उन्हें पैकेज डिलीवर करने को कहें।

ओह नहीं! आपको अपना पैकेज कभी नहीं मिलता।



आपका पैकेज आ गया है! लेकिन ईयरफोन्स खराब हैं, अब आप क्या करेंगे?

कस्टमर सपोर्ट से संपर्क करें।

एक बुरा रिव्यु लिख दें


डिलीवरी पार्टनर को कॉल करें।

रिफंड या रिप्लेसमेंट मांगने से पहले ब्रांड की खरीदारी शर्तें और वारंटी जरूर जांच लें।

आपके पास अब भी सिर्फ खराब ईयरफोन्स ही हैं।

वे रिफंड देने के लिए मान जाते हैं। अब आप कैसे आगे बढ़ेंगे?

रिफंड लें और नए ईयरफोन्स ऑर्डर करें।



खराब प्रोडक्ट भेजने के लिए उन पर गुस्सा करें।

आखिरकार आपको आपका नया पैकेज मिल जाता है। अब क्या करेंगे?

आपकी समस्या हल नहीं हुई।

प्रोडक्ट का एक रिव्यु लिख दें



# धोखाधड़ी से सावधान!

amazon future engineer



कभी-कभी, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय हमें असुरक्षित और खराब अनुभव हो सकते हैं। कई बार यह समझना मुश्किल होता है कि हमारे साथ धोखा हो रहा है या नहीं... क्या आपको कभी ऐसा लगा है? परेशान न हों! आपकी ऑनलाइन शॉपिंग ग्राहक सेवा आपको सुरक्षित रखने के लिए यहां है!

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय, कभी-कभी आपको ऑर्डर से जुड़ी कॉल, ईमेल या मैसेज आते हैं... लेकिन आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि वे असली हैं? यह चेकलिस्ट अपने पास रखें। अगर इनमें से कोई भी बात सही लगती है, तो समझ लें कि वह मैसेज, कॉल या ईमेल संदिग्ध है!



## ऑनलाइन खतरों की सूची!

- ☐ क्या उन्होंने आपसे संवेदनशील जानकारी (जैसे: पासवर्ड, बैंक डिटेल्स) मांगी? असली शॉपिंग साइट्स कॉल, ईमेल या मैसेज में कभी भी यह नहीं पूछतीं!
- ☐ क्या उन्होंने आपको किसी कॉन्टेस्ट या लॉटरी के बारे में कॉल किया?
- ☐ क्या ईमेल आईडी आधिकारिक डोमेन से अलग है? (जैसे: Amazon के लिए, ईमेल आईडी @amazon.in या @amazon.com पर खत्म होनी चाहिए)
- ☐ क्या कॉल, ईमेल या टेक्स्ट में पहले ही आपकी व्यक्तिगत, संवेदनशील जानकारी (जैसे: OTP या पता) या अज्ञात URLs/लिंक थे?
- ☐ क्या उन्होंने उन ऑर्डर्स के बारे में बताया जो आपने नहीं दिए थे?
- ☐ क्या उन्होंने आपको उनके बताए कदम न उठाने या जानकारी न देने पर अकाउंट को सस्पेंड करने की धमकी दी?
- ☐ क्या ईमेल/टेक्स्ट में बहुत सारी मात्रा की गलतियां (spelling mistakes) या डिज़ाइन की गलतियां थीं?

## क्या आप जानते हैं ?

Amazon पर आप फिशिंग अटैक्स, संदिग्ध कॉल/ईमेल/मैसेज या असुरक्षित/संदिग्ध प्रोडक्ट्स के बारे में शिकायत कर सकते हैं। Amazon के हेल्प सेक्शन में...


- ☆ "कुछ संदेहास्पद चीज़ की रिपोर्ट करना" पर जाएं और विकल्पों में से चयन करें। रिपोर्ट सबमिट करें और जरूरी जानकारी दें। संदिग्ध ईमेल/टेक्स्ट को reportascam@amazon.in पर फॉरवर्ड करें।
- ☆ संदिग्ध पैकेजेस की रिपोर्ट "अनचाहा पैकेज मिला" के तहत करें, बॉक्स को ध्यान से चेक करके जानकारी सबमिट करें।
- ☆ विक्रेताओं या प्रोडक्ट्स की रिपोर्ट सीधे प्रोडक्ट पेज से करें, "इस प्रोडक्ट या विक्रेता के साथ समस्या रिपोर्ट करें" पर क्लिक करें और निर्देशों का पालन करें।

यहां Amazon द्वारा कुछ आम धोखाधड़ी के तरीकों की जानकारी दी गई है। इस जानकारी को आप कितने स्टार्स देंगे? ☆☆☆☆☆

# अपने अधिकार जानें!

## क्या आप जानते हैं?

हमारे पास भारतीय संविधान से हमें मिलने वाले मूलभूत अधिकार हैं, जो हमें स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीने का अधिकार देते हैं। उदाहरण के तौर पर, जीवन का अधिकार सभी नागरिकों को भोजन, पानी, आश्रय, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा का अधिकार देता है। इसी तरह, समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, और धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी नागरिकों के साथ बिना किसी भेदभाव के समान व्यवहार किया जाए और वे अपनी इच्छाओं और फैसलों में स्वतंत्र रह सकें। ठीक उसी तरह जैसे ये मूलभूत अधिकार हमें नागरिक के रूप में सुरक्षा देते हैं, वैसे ही हमें खरीदारी करते समय अपने उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। इन अधिकारों के बारे में जानकारी रखने से हम बेहतर फैसले ले सकते हैं और हमारे हितों की सुरक्षा होती है।





बधाई हो! अब आपने सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी का राज़ सुलझा लिया है। अब आप एक उपभोक्ता अधिकार जासूस बन चुके हैं। आपको ऑनलाइन खरीदारों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सुरागों को हल करने का काम सौंपा गया है!

उपभोक्ता वह व्यक्ति होता है जो कोई सामान या सेवा खरीदता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत, सभी ग्राहकों को छह उपभोक्ता अधिकार मिलते हैं, जो उन्हें सुरक्षित और सूचित तरीके से खरीदारी करने का अधिकार देते हैं। क्या आप इन्हें उनके अर्थों से जोड़ सकते हैं?



(A) सुरक्षा का अधिकार

(B) निवारण का अधिकार

(C) सुने जाने का अधिकार

(D) सूचना का अधिकार

(E) चुनने का अधिकार

(F) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

(i) उपभोक्ताओं को शिकायतों को सामने रखने का अधिकार देता है

(ii) सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता अपनी समस्याएं बता सकें, और उन्हें गंभीरता से लिया जाए

(iii) उपभोक्ताओं को खतरनाक या असुरक्षित सामान और सेवाओं से बचाता है


(iv) सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को अच्छे दामों पर विभिन्न प्रकार के सामान मिलें

(v) सुनिश्चित करता है कि लोग एक सूचित, जिम्मेदार और सुरक्षित उपभोक्ता बनने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करें

(vi) सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को खरीदारी से पहले उत्पाद की सही जानकारी मिले

# डिलीवरी पार्टनर्स का सम्मान!

amazon future engineer



## क्या आप जानते हैं?

ILO रिपोर्ट के अनुसार, वे लोग जो विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों के साथ काम करते हैं - जैसे डिलीवरी पार्टनर्स, ड्राइवर या सर्विस प्रोवाइडर्स - उनकी उम्र 18 साल से लेकर 58 साल तक हो सकती है। इनमें से कई लोग परिवार का पालन-पोषण करने वाले और अपने घर के मुख्य कमाने वाले हैं!

A. अर्जुन को डिलीवरी करने में मदद करें। अपने अंगूठे से एक साफ रास्ता ट्रेस करें और रास्ते में आने वाली रुकावटों से बचें!



B . डिलीवरी पार्टनर्स के प्रति अच्छा और सम्मानपूर्ण व्यवहार पहचानें।

- नम्रता से बात करें
- धैर्य रखें
- उनकी मौजूदगी को नज़रअंदाज़ करें
- ग़लत रिव्यू छोड़ें
- खराब मौसम में उनकी परेशानियां समझें
- देर होने पर शिकायत करें
- बिना वजह बुरा फीडबैक दें
- उन्हें साफ साफ़ सही रास्ता समझाएं

C. एप्प में शीना की डिलीवरी "पूरी हो चुकी" बताई जा रही है, लेकिन उसे अभी तक कोई कॉल नहीं मिली। 5 मिनट बाद, वह देखती है कि डिलीवरी पार्टनर एड्रेस ढूंढने में परेशानी महसूस कर रहा है। उसे क्या करना चाहिए?

- ○ उन्हें खुद ही ये परेशानी हल करने दें
- ○ उन्हें सही जगह और रास्ता बताएं
- ○ उन्हें अयोग्यता के लिए रिपोर्ट करें

1. Expansion of the Gig and Platform Economy in India (2024). International Labour Organization. Retrieved November 12, 2024.

# उत्तर

amazon future engineer

## समझदारी से खरीदें, खतरे से बचें!


1: कीमत 2: रिव्युस 3: भरोसा 4: लौटाया
5: उत्पाद विवरण 6: सुरक्षा



## पेमेंट करना!

A. www.payemnt23.web; https://amaz0np@y-secure.com/checkout; http:/amzonpaay-secure.co

B. नंबर को ब्लॉक करें    नंबर को रिपोर्ट करें




## अपने अधिकार जानें!

A - (iii); B - (i); C - (ii);
D - (vi); E - (iv); F - (v)



## डिलीवरी पार्टनर्स का सम्मान!

A.



B.

- नम्रता से बात करें
- धैर्य रखें
- खराब मौसम में उनकी परेशानियां समझें
- उन्हें साफ़ साफ़ सही रास्ता समझाएं

C.

उन्हें सही जगह और रास्ता बताएं